# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 25.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव को वर्चुअल माध्यम से किया संबोधित, कहा – देश के युवा स्टार्टअप, स्पेस, साइंस और स्पोर्टस में लहरा रहे हैं परचम।
2. स्वास्थ्य सचिव ने मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा की, कहा– सभी अस्पतालों में फरवरी से डिजिटल सुविधाएं होंगी उपलब्ध।
3. चक्रधरपुर रेल मंडल में आज से चार दिनों तक अठारह लोकल ट्रेनों का परिचालन रद्द, हाथियों के आवागमन के कारण पिछले 10 दिनों में तीसरी बार बाधित हुआ रेल परिचालन।
4. राजधानी रांची समेत राज्य के 12 जिलों में आज और कल शीतलहर की चेतावनी, गुमला का न्यूनतम पारा तीन दशमलव नौ और रांची के कांके का पारा चार डिग्री सेल्सियस पहुंचा।
5. 27वीं मिनी, यूथ और सीनियर नेशनल टेनिस वॉलीबॉल चैंपियनशिप की आज रांची में होगी शुरुआत, 19 राज्यों के पांच सौ खिलाड़ी होंगे शामिल।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के युवा स्टार्टअप, स्पेस, साइंस और स्पोर्टस में अपना परचम लहरा रहे हैं। प्रधानमंत्री अब से थोड़ी देर पहले रांची समेत देशभर के खिलाड़ियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में अनुशासित युवाओं की भागीदारी जरूरी है।

इधर रांची लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 का समापन आज पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी मैदान में किया गया। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे।

********************

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा है कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में फरवरी 2026 तक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर सभी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में एचएमआईएस –हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम और वाई–फाई पूर्ण रूप से लागू करने का निर्देश दिया है। श्रीसिंह मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा कर रहे थे।

********************

जी राम जी योजना लागू होने से जामताड़ा के मजदूरों में खुशी देखी जा रही है। मजदूरों का मानना है कि मनरेगा में जो बिचोलिया प्रथा कायम थी वह अब समाप्त हो जाएगी ।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान से प्रेरित होकर हजारीबाग की एक महिला ने डिजायनर मोमबती का कारोबार शुरू कर खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज देशभर में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच सरकार की जवाबदेही, पारदर्शिता और कुशल प्रशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

********************

पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की आज 101वी जयंती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में उनके समाधि स्थल सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इधर राजधानी रांची स्थित लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके आदर्श और विचार सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे।

********************

चक्रधरपुर रेल मंडल में आज से चार दिनों तक अठारह लोकल ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया है। इनमें टाटानगर–राउरकेला–टाटानगर मेमू, चक्रधरपुर–राउरकेला चकरपुर मेमू समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं। चक्रधरपुर रेल मंडल से मनोहरपुर से झारसुगड़ा तक हाथियों के आवामगम के कारण पिछले 10 दिनों में तीसरी बार ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ है।

********************

चतरा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और सुलभ बनाने के लिए जीवन तरंगिनी सेवा शुरू की गई है। सीएसआर मद से मिलीं 10 एंबुलेंस और 10 मोटरसाइकिल अब मरीजों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों को अस्पताल पहुंचाने का कार्य करेंगे। चतरा सांसद काली चरण सिंह ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्र के लोग अब निः शुल्क और प्रभावी चिकित्सा का लाभ ले सकेंगे।

********************

रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रतिकुलपति, वरिष्ठ पत्रकार और शिक्षाविद प्रो. डॉ वीपी शरण का निधन हो गया। रांची के एन निजी अस्पताल में आज तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली।

********************

दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सड़क किनारे गाड़ी का चक्का बदलने के दौरान एक अज्ञात गाड़ी ने उसे रौंद दिया।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के 12 जिलों में आज और कल शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान गुमला का न्यूनतम पारा तीन दशमल नौ डिग्री जबकि रांची के कांके का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने रांची सहित पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग और बोकारो में शीतलहर और कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है।

********************

प्रभु यीशु के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज क्रिसमस का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हजारीबाग में क्रिसमस को लेकर उत्साह चरम पर है। यहां के युवा गिरिजाघरों में हुई प्रार्थना में शामिल होने के बाद अपने विचार साझा किया।

********************

जमशेदपुर में टाटा स्टील और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया–पीजीटीआई ने टाटा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट 2025 की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट आज से 28 दिसंबर तक जमशेदपुर में आयोजित किया जाएगा। टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के वीपी डी.बी सुंदरा रमम ने कहा कि खेलों के माध्यम से उत्कृष्टता और प्रतिभा को बढ़ावा देना टाटा स्टील की परंपरा रही है।

********************

टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से 27वीं मिनी, यूथ और सीनियर नेशनल टेनिस वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप की शुरुआत आज दोपहर बाद रांची

के खेलगांव में होगी। 27 दिसंबर तक चलनेवाली इस चैंपियनशिप में 19 राज्यों के लगभग पांच सौ खिलाड़ी शामिल होंगे।

*********************